कार्यालय, उत्तर प्रदेश, लोक सेवा आयोग, प्रयागराज
संख्या– 146/03/एस–2/डी0 / 2012–13(सम्मिलित)
दिनांक 12 जून, 2020

आनलाइन –विज्ञप्ति

उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा पूर्व में समय–समय पर विज्ञापित सहायक सांख्यिकी अधिकारी पद जिनकी अनिवार्य अर्हता परास्नातक तथा ओ0लेवल है, उनका विवरण निम्नवत है :–

क0 सं0	विज्ञापन संख्या	विभाग	विभाग संख्या	पदो की संख्या	अन्तिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	4/2013–14	दुग्धशाला विकास	एस–2/02	06	20.01.2014
2	4/2013–14	वन विभाग	एस–2/04	20	20.01.2014
3	1/2014–15	राज्य नियोजन संस्थान	एस–2/06	22	17.06.2014
4	1/2014–15	राज्य वित्तीय योजना एवं संस्थान निदेशालय (सहा0 शोध अधिकारी सांख्यिकीय)	एस–5/01	13	17.06.2014
5	1/2014–15	सहकारिता विभाग	एस–5/02	15	17.06.2014
6	2/2014–15	वन विभाग	एस–2/01	17	30.10.2014
7	2/2014–15	मूल्यांकन प्रभाग राज्य नियोजन संस्थान	एस–2/02	31	30.10.2014
8	2/2014–15	मत्स्य विभाग	एस–2/03	08	30.10.2014
9	3/2014–15	पर्यटन विभाग	एस–9/03	02	03.02.2015
10	4/2014–15	दुग्धशाला विकास	एस–2/14	03	19.05.2015
11	4/2014–15	राज्य नियोजन संस्थान उ0प्र0 (नवीन प्रभाग)	एस–2/15	19	19.05.2015
12	4/2014–15	संस्थागत वित्त एवं सर्वहित बीमा निदेशालय	एस–5/05	02	19.05.2015
13	4/2014–15	वाणिज्य कर विभाग	एस–5/06	04	19.05.2015
14	4/2014–15	परिवहन विभाग	एस–9/05	02	14.08.2015
15	1/2015–16	कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा	एस–1/09	93	14.08.2015
16	1/2015–16	सहकारिता विभाग	एस–5/08	07	14.08.2015

उक्त विज्ञापनों के अन्तर्गत एक या अधिक पदों में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक निर्देश–
1–प्रश्नगत सभी पदों की अनिवार्य अर्हता निम्नवत् हैः–

(एक) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से गणित या गणितीय सांख्यिकी या वाणिज्य या अर्थशास्त्र या सांख्यिकी में स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अर्हता ।

(दो) डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 सोसाइटी द्वारा प्रदान किया गया कम्प्यूटर में "ओ" स्तरीय डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से कम्प्यूटर विज्ञान में कम से कम एक वर्ष का डिप्लोमा।

2–इन पदों पर शीघ्र चयन किये जाने के दृष्टिगत जो अभ्यर्थी उपर्युक्त अनिवार्य योग्यता धारित करते हैं उन्हें एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थीगण भलीभांति यह सुनिश्चित कर लें कि वे प्रश्नगत पद की अनिवार्य अर्हता धारित करते है तथा ऐसे सभी अभ्यर्थियों जिन्होंने उपर्युक्त विज्ञापनों मे से किसी एक या एक से अधिक पदो के लिये आवेदन किया हैं, को निर्देशित किया जाता है कि वे प्रत्येक आवेदित पद के लिए अलग–अलग प्रारूप आयोग की वेबसाइट http//:uppsc.up.nic.in से डाउनलोड कर पूर्णतया भरकर हस्ताक्षरोपरान्त अनिवार्य अर्हता–1 व 2 के सम्बन्ध में दिये गये विवरण विषयक अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र संलग्न कर प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग लिफाफे में **दिनांक 13/7/2020 को सायं 5.00 बजे** तक स्पीड पोस्ट अथवा हाथों–हाथ आयोग के डाक अनुभाग के काउण्टर पर अवश्य उपलब्ध करा दें।

3–अभ्यर्थी ने उपर्युक्त उल्लिखित सारणी में से जिन–जिन पदो के लिए आवेदन किया है, उसे प्रत्येक विज्ञापन/पद हेतु पृथक–पृथक प्रारूप भरना होगा अन्यथा जिस पद हेतु प्रारूप प्राप्त होगा उसी में अभ्यर्थन पर विचार किया जायेगा शेष में अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त माना जायेगा।

4–यह भी स्पष्ट किया जाता है कि इस विज्ञप्ति के प्रत्युत्तर में प्रत्येक अभ्यर्थी को प्रारुप भरकर वांछित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य है भले ही उन्होने पूर्व में किसी पद के लिये आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी संलग्नकों सहित उपलब्ध करा दी हो।

5–जिन अभ्यर्थियों के अभिलेख उक्त निर्धारित तिथि तक प्राप्त नहीं होगे, उन्हें कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा तथा उनके अभ्यर्थन पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थियों के अर्हता धारित न किये जाने एवं भ्रामक अभिलेख प्रेषित किये जाने की दशा में ऐसे अभ्यर्थियों के अभ्यर्थन निरस्तीकरण की कार्यवाही के साथ ही, इनके विरूद्व प्रतिवारण की कार्यवाही भी की जायेगी।

(विनोद कुमार सिंह)
उप सचिव।